**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2221**
**उत्तर देने की तारीख 04 मार्च, 2020**

**तमिलनाडु में भारत नेट परियोजना**

**2221. सुश्री एस. जोतिमणिः**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) भारत नेट परियोजना के कार्यान्वयन का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा उक्त प्रयोजन हेतु सार्वभौमिक सेवा दायित्व विधि (यू एस ओ एफ) से कितनी निधि उपयोग की गई है;

(ख) तमिलनाडु के करूर जिले में परियोजना के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजना के अंतर्गत देश के सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में बिछाए गए ऑप्टिकल फाइबर की लंबाई कितनी है और गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान परियोजना के अंतर्गत राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी निधि संवितरित और उपयोगकी गई है;

(घ) सैटेलाइट मीडिया के माध्यम से कनेक्टिविटी प्रदान किए गए ग्राम पंचायतों की सूची क्या है तथा ग्राम पंचायतों में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने वाई-फाई हॉटस्पॉट लगाए गए हैं;

(ङ) ऑप्टिकल फाईबर से अब तक नहीं जोड़े गए ग्राम पंचायतों का करूर जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायतों सहित राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार नाम क्या हैं; और

(च) तमिलनाडु में उपर्युक्त परियोजना के संबंध में रिपोर्ट किए गए गैर-कार्यान्वयन के क्या कारण हैं और उक्त प्रयोजन के लिए 121.45 करोड़ की निधि के उपयोग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री**
**(श्री संजय धोत्रे)**

(क) देशभर की लगभग सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है। दिनांक 24.02.2020 तक 4,22,042 कि.मी. ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाकर कुल 1,49,485 ग्राम पंचायतों (ब्लॉक मुख्यालय-बीएचक्यू सहित) को जोड़ा गया है जिनमें से 1,34,682 ग्राम पंचायतों (बीएचक्यू सहित) को सेवा के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा, 1659 ग्राम पंचायतों को सैटेलाइट मीडिया पर सेवा के लिए तैयार किया गया है।

जारी.........2/

राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार, भारतनेट परियोजना के कार्यान्वयन की स्थिति **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है। दिनांक 28.02.2020 तक सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि से भारतनेट परियोजना के तहत 22089.25 करोड़ रूपए वितरित किए गए हैं। इस संबंध में भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) द्वारा जारी/उपयोग की गई निधि का राज्य/ संघ-राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) द्वारा राज्य/ संघ-राज्य क्षेत्रों को सीधे जारी की गई राज्य/ संघ-राज्य क्षेत्र-वार निधि का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

(ख) करूर जिले की ग्राम पंचायतों सहित तमिलनाडु की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में राज्य आधारित मॉडल के माध्यम से भारतनेट चरण-II के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी है और इसका कार्यान्वयन तमिलनाडु सरकार द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के कार्यान्वयन हेतु आरएफपी/निविदा जारी की गई है।

(ग) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत बिछाई गई ऑप्टिकल फाइबर की लंबाई का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है। सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) ने क्रमश: वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19 के दौरान भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) को 5600 करोड़ रू., 6000 करोड़ रू. और 4145.54 करोड़ रू. वितरित किए हैं और प्रत्येक गत तीन वर्षों के दौरान बीबीएनएल द्वारा जारी/उपयोग की गई निधि का राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

(घ) जिन ग्राम पंचायतों में सैटेलाइट मीडिया द्वारा कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है उनके राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार विवरण के साथ-साथ ग्राम पंचायतों में संस्थापित किए गए वाई-फाई हॉट-स्पॉट का विवरण **अनुबंध-V** में दिया गया है।

(ङ) भारतनेट परियोजना के अंतर्गत अभी तक जिन ग्राम पंचायतों को जोड़ा नहीं गया है उनका राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-VI** में दिया गया है। करूर जिले में, सभी ग्राम पंचायतों को भारतनेट चरण-II के अंतर्गत कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जानी है।

(च) तमिलनाडु राज्य सरकार ने भारतनेट परियोजना के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 31.03.2017 को यूएसओएफ और बीबीएनएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। चूँकि समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर काफी विलंब से किए गए इसलिए तमिलनाडु की ग्राम पंचायतों को भारतनेट चरण-I में नहीं लिया जा सका। अत: तमिलनाडु राज्य की सभी ग्राम पंचायतों का कार्यान्वयन राज्य सरकार द्वारा परियोजना के भारतनेट चरण-II के अंतर्गत किया जा रहा है। परियोजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य सरकार ने आरएफपी/निविदा जारी की है और वास्तविक कार्यान्वयन कार्य अभी शुरू होना बाकी है।

जुटाई गई पूँजी में से परियोजना के लिए तमिलनाडु राज्य को दी गई अग्रिम राशि में से फरवरी, 2020 तक 2.32 करोड़ रूपए प्रशासनिक व्यय और स्थापना लागत पर खर्च किए गए हैं।

जारी......3/

**अनुबंध-I**

**लोक सभा दिनांक 04.03.2020 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2221 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**भारतनेट परियोजना के कार्यान्वयन की प्रगति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | बिछाई गई ओएफसी (किमी) | सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतें(बीएचक्यू सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 34 | 8 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 19041 | 1635 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 1519 | 283 |
| 4 | असम | 4799 | 1622 |
| 5 | बिहार | 26586 | 8333 |
| 6 | चंडीगढ़ | 19 | 13 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 16487 | 4793 |
| 8 | दमन और द्वी | 26 | 18 |
| 9 | दादर व नगर हवेली | 68 | 21 |
| 10 | गुजरात | 39590 | 11219 |
| 11 | हरियाणा | 11930 | 6188 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 766 | 281 |
| 13 | जम्मू व कश्मीर | 766 | 1027 |
| 14 | झारखंड | 8880 | 2516 |
| 15 | कर्नाटक | 14178 | 6244 |
| 16 | केरल | 830 | 1129 |
| 17 | लक्षद्वीप | 0 | 0 |
| 18 | महाराष्ट्र | 57273 | 15653 |
| 19 | मणिपुर | 634 | 677 |
| 20 | मेघालय | 1069 | 195 |
| 21 | मिजोरम | 689 | 141 |
| 22 | मध्य प्रदेश | 50068 | 13059 |
| 23 | नागालैंड | 2000 | 129 |
| 24 | ओडिशा | 19235 | 4069 |
| 25 | पुडुचेरी | 92 | 101 |
| 26 | पंजाब | 24110 | 12558 |
| 27 | राजस्थान | 29229 | 8739 |
| 28 | सिक्किम | 855 | 18 |
| 29 | तमिलनाडु | 0 | 0 |
| 30 | तेलंगाना | 4772 | 2047 |
| 31 | त्रिपुरा | 1687 | 686 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 72632 | 29115 |
| 33 | उत्तराखंड | 3588 | 1526 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 8591 | 2298 |
| कुल | | **422042** | **136341** |

**अनुबंध-II**

**लोक सभा दिनांक 04.03.2020 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2221 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध भारतनेट परियोजना हेतु भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) द्वारा जारी/उपयोग की गई निधि**

| क्र.सं. | राज्य | जारी/उपयोग की गई निधि |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 152184834 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3450055334 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 455796430 |
| 4 | असम | 1858186346 |
| 5 | बिहार | 7157105183 |
| 6 | चंडीगढ़ | 118330 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 9413550415 |
| 8 | गुजरात, दादर और नगर हवेली, दमन और द्वी | 16072018161 |
| 9 | हरियाणा | 4142654650 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 1105790623 |
| 11 | जम्मू व कश्मीर | 795335854 |
| 12 | झारखंड | 3522838964 |
| 13 | कर्नाटक | 7826465221 |
| 14 | केरल | 1033934113 |
| 15 | लक्षद्वीप | 1034134 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 14719326408 |
| 17 | महाराष्ट्र | 19328469071 |
| 18 | मणिपुर | 505457959 |
| 19 | मेघालय | 669652212 |
| 20 | मिजोरम | 342512911 |
| 21 | नागालैंड | 600672076 |
| 22 | ओडिशा | 5467910363 |
| 23 | पुडुचेरी | 56964915 |
| 24 | पंजाब | 6254060665 |
| 25 | राजस्थान | 8897591464 |
| 26 | सिक्किम | 763284290 |
| 27 | तमिलनाडु | 1214569206 |
| 28 | तेलंगाना | 3360985385 |
| 29 | त्रिपुरा | 757015524 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 16240252850 |
| 31 | उत्तराखंड | 2662966434 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 4302358057 |
| **जीपीओएन और ओएफसी** | | 9760953785 |
| **बीएसएनएल के लिए किया गया तदर्थ भुगतान** | | 42098880599 |
| **टीसीआईएल** | | 134300000 |
| **बीएसएनएल-वीएसएटी** | | 423800000 |
| **बीएसएनएल सेटेलाइट बैंडविड्थ** | | 401200000 |
| **कुल** | | **195950252767** |

**अनुबंध-III**

**लोक सभा दिनांक 04.03.2020 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2221 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**
**भारतनेट परियोजना के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को यूएसओएफ द्वारा सीधे जारी की गई निधि**

| क्र.सं. | राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश | आंकड़े करोड़ रूपए में |
|---|---|---|
| | | राज्यों को सीधे जारी की गई निधि |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 8.14 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0.37 |
| 3 | असम | 8.99 |
| 4 | बिहार | 31.16 |
| 5 | चंडीगढ़ | 0.01 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 20.69 |
| 7 | दादर और नगर | 0.11 |
| 8 | दमन और द्वी | 0.1 |
| 9 | गुजरात | 30.73 |
| 10 | हरियाणा | 33.51 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 0.17 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 1.72 |
| 13 | झारखंड | 11.63 |
| 14 | कर्नाटक | 24.22 |
| 15 | केरल | 6.26 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 64.02 |
| 17 | महाराष्ट्र | 83.37 |
| 18 | मणिपुर | 1.79 |
| 19 | मेघालय | 0.68 |
| 20 | मिजोरम | 0.23 |
| 21 | नागालैंड | 0.66 |
| 22 | ओडिशा | 19.58 |
| 23 | पुडुचेरी | 0.17 |
| 24 | पंजाब | 44.2 |
| 25 | राजस्थान | 6.37 |
| 26 | सिक्किम | 0.09 |
| 27 | तेलंगाना | 11.35 |
| 28 | त्रिपुरा | 3 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 25.79 |
| 30 | उत्तरांचल | 6.7 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 11.93 |
| **कुल योग** | | **457.74** |

**अनुबंध-IV**

**लोक सभा दिनांक 04.03.2020 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2221 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध गत तीन वर्षों में बीबीएनएल द्वारा जारी/उपयोग की गई निधि**

| क्र.सं. | राज्य | वर्ष 2016-17 | वर्ष 2017-18 | वर्ष 2018-19 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 18464332 | 1600000 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 0 | 0 | 28257523 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 176787282.9 | 139671853 | 0 |
| 4 | असम | 891768154 | 121022896 | 111147297 |
| 5 | बिहार | 1900995444 | 452279258 | 1025139872 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2412033156 | 1009457086 | 2473436121 |
| 8 | गुजरात, दादर एवं नगर हवेली, दमन और द्वी | 1297999723 | 743049756 | 2566552474 |
| 9 | हरियाणा | 906575955 | 1514305607 | 97260991 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 525127700 | 0 | 5631310 |
| 11 | जम्मू और कश्मीर और लद्दाख | 423750351 | 39011100 | 4573254 |
| 12 | झारखंड | 813945657 | 96710822 | 768583039 |
| 13 | कर्नाटक | 12490077 | 2738336877 | 502688665 |
| 14 | केरल | 259560814 | 125084405 | 128586308 |
| 15 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मध्य प्रदेश | 4519556872 | 2382297311 | 752740055 |
| 17 | महाराष्ट्र | 5851859025 | 2439577323 | 3970879360 |
| 18 | मणिपुर | 185186215.2 | 146307480 | 0 |
| 19 | मेघालय | 247461225.6 | 195508225 | 0 |
| 20 | मिजोरम | 132129545.2 | 123487397 | 0 |
| 21 | नगालैंड | 203622895.9 | 160873490 | 0 |
| 22 | ओडिशा | 1158064960 | 137598146 | 667823793 |
| 23 | पुडुचेरी | 22342903 | 5316342 | 7532036 |
| 24 | पंजाब | 2362941194 | 127721902 | 826997606 |
| 25 | राजस्थान | 1624698933 | 1466179320 | 673987717 |
| 26 | सिक्किम | 432268500 | 0 | 0 |
| 27 | तमिलनाडु | 0 | 1106410000 | 0 |
| 28 | तेलंगाना | 82389383 | 11999999 | 51676013 |
| 29 | त्रिपुरा | 209153900.2 | 165243293 | 0 |
| 30 | उत्तर प्रदेश | 6353029478 | 1478805370 | 0 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | उत्तराखण्ड | 1274448954 | 43693684 | 50361872 |
| 32 | पश्चिम बंगाल | 1416285784 | 937578370 | 132237331 |
| **कुल** | | **35714938415** | **17909127313** | **14846092637** |
| * जीपीओएन और ओएफसी | | 6919075218 | 1152730518 | 0 |
| * बीएसएनएल के लिए किया गया तदर्थ भुगतान | | 0 | 0 | 8630000000 |
| टीसीआईएल | | 0 | 0 | 0 |
| बीएसएनएल -वीएसएटी | | 0 | 0 | 0 |
| **कुल** | | **42634013633** | **19061857831** | **23476092637** |

**अनुबंध-V**

**लोक सभा दिनांक 04.03.2020 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2221 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध सेटेलाइट मीडिया और वाई-फाई हॉट-स्पॉट सहित ग्राम पंचायतों का विवरण**

| क्र.सं. | राज्य /संघ राज्य क्षेत्र | सेटेलाइट कनेक्टिविटी सहित ग्राम पंचायतों की संख्या | वाई-फाई हॉट-स्पॉट सहित ग्राम पंचायतों की संख्या (प्रत्येक ग्राम पंचायत के दो अभिगम बिंदु) |
|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | 195 | 175 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 13 | 13 |
| 3 | जम्मू और कश्मीर और | 661 | 740 |
| 4 | झारखंड | 1 | 0 |
| 5 | मणिपुर | 351 | 0 |
| 6 | मेघालय | 73 | 70 |
| 7 | मिजोरम | 100 | 0 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 26 | 29 |
| 9 | नागालैंड | 2 | 0 |
| 10 | ओडिशा | 15 | 18 |
| 11 | राजस्थान | 30 | 30 |
| 12 | त्रिपुरा | 128 | 0 |
| 13 | उत्तर प्रदेश | 33 | 33 |
| 14 | उत्तराखंड | 31 | 0 |
| **कुल** | | **1659** | **1108** |

**अनुबंध-VI**

**लोक सभा दिनांक 04.03.2020 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2221 के भाग (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध भारतनेट परियोजना के अंतर्गत जिन ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जाना है, उनका विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जिन ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया जाना है, उनकी संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | 63 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 11358 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 1374 |
| 4 | असम | 1258 |
| 5 | बिहार | 539 |
| 6 | चंडीगढ़ | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 5426 |
| 8 | दादर व नगर हवेली | 0 |
| 9 | दमन व द्वी | 0 |
| 10 | गुजरात | 2826 |
| 11 | हरियाणा | 16 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 2887 |
| 13 | जम्मू व कश्मीर | 2814 |
| 14 | झारखंड | 2061 |
| 15 | कर्नाटक | 7 |
| 16 | केरल | 0 |
| 17 | लक्षद्वीप | 10 |
| 18 | महाराष्ट्र | 8089 |
| 19 | मणिपुर | 2110 |
| 20 | मेघालय | 1526 |
| 21 | मिजोरम | 628 |
| 22 | मध्य प्रदेश | 15120 |
| 23 | नागालैण्ड | 865 |
| 24 | ओडिशा | 3054 |
| 25 | पुडुचेरी | 0 |
| 26 | पंजाब | 364 |
| 27 | राजस्थान | 1350 |
| 28 | सिक्किम | 163 |
| 29 | तमिलनाडु | 12524 |
| 30 | तेलंगाना | 10789 |
| 31 | त्रिपुरा | 310 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 27063 |
| 33 | उत्तराखंड | 6085 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 1373 |
| **कुल** | | **122052** |

*****